जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2018/1836 **दिनांक : 21.12.2018**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्व महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

आवश्यक सूचना

विषयः- बी.ए.एल.एल.बी.(पंच-वर्षीय) तृतीय सेमेस्टर, (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) - छात्रों के लिये) परीक्षा दिसम्बर-2018 के छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में दिनांक 07.01.2019 तक जमा करने वावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गतलेख है कि, **बी.ए.एल.एल.बी. तृतीय सेमेस्टर, (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी** (A.T.K.T)- **छात्रों के लिये) परीक्षा दिसम्बर-2018** के आंतरिक मूल्यांकन के अपडेट अंको की सूची की हार्डकापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग के प्रायोगिक सेल में दिनांक 07.01.2019 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है तथा ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

विशेष नोटः- महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट हों, यदि महाविद्यालय द्वारा किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक ऑफलाइन हार्डकॉपी पर अंकित कर भेजे जाते है तो ऐसे अंक विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किये जावेंगे। आंतरिक मूल्यांकन के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में **छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र,उपस्थिति पत्रक एवं डॉकेट जारी नहीं किया जावेगा** एवं परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/भूतपूर्व/असंस्थागत छात्र/छात्राओं के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)